प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प सिद्धी अभियान को साकार करने के लिए दानह कलेक्टर गौरव सिंह राजावत ने कसी कमर

■ देश भर के जिलाधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दिए दिशानिर्देश

■ बुनियादी विकास पर दादरा नगर हवेली जिला अधिकारी ने जारी किया अपना अभियान

असली आजादी ब्यूरो, सिलवासा 10 अगस्त। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली जिला अधिकारी गौरव सिंह राजावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देश के सभी जिला अधिकारियों को दिए गए संकल्प सिद्धी अभियान को साकार रुप प्रदान करने के लिए अभियान शुरु कर दिया है। प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये देशभर के जिलाधिकारियों को फाइलों से बाहर निकलकर ग्राउंड जीरो पर हकीकत की दुनिया में जिलाधिकारियों से आने की बात कही है। इसी संदर्भ में असली आजादी संवाददाता द्वारा पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए दानह कलेक्टर गौरव सिंह राजावत ने बताया कि प्रधानमंत्री ने देश के सभी जिला अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जो दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। वह बुनियादी विकास के स्वरूप को पूरी तरह से बदल के रख देगा। जिलाधिकारी बताया कि प्रधानमंत्री ने देश के सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह अपने दफ्तरों से बाहर निकलकर ग्रामीण विकास की और क्षेत्र के विकास की हकीकत को जाने। उसकी आवश्यकता के अनुसार विकासीय मापदंड तय करें जिससे 2022 तक संकल्प सिद्धी अभियान को प्रत्यक्ष रुप से संकल्पित किया जा सके और विकास के प्रत्यक्ष स्वरूप को साकार किया जा सके।

(समाचार का शेष पेज 3 पर)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प सिद्धी अभियान को...

कलेक्टर ने बताया कि दादरा नगर हवेली में अभी तक अप्रत्यक्ष रूप से विकास के मापदंड तय किए जाते रहे हैं जिसके कारण बुनियादी विकास सामानांतर स्वरूप से मूर्ति स्वरूप नहीं ले पाता था। कलेक्टर गौरव सिंह राजावत ने बताया कि इसके पहले प्रशासक प्रफुल पटेल ने दादरा नगर हवेली की सभी पंचायत सरपंचों को आदेश दिया था कि वह अपने- अपने क्षेत्र का बजट विकास की आवश्यकता के अनुरुप बनाएं। जिससे वास्तविक विकास को साकार रुप दिया जा सके। अब प्रधानमंत्री ने देश के सभी जिला अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि वह बुनियादी विकास को आवश्यकता के अनुरूप करने के लिए प्रत्येक गांव तक जाएं। ताकि आवश्यकता के अनुरूप विकासीय स्वरूप का आंकलन किया जा सके। जिलाधिकारी गौरव सिंह राजावत ने कहा कि प्रधानमंत्री से मिले निर्देश के बाद सभी विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए सभी गांव में जाकर ग्रामीणों की एवं शहरी क्षेत्रों में वॉर्ड के विकास की आवश्यकताओं को देखकर नई नीति तय करेंगे, जिससे ठोस रूप में विकास को क्रियान्वित किया जा सके। दादरा नगर हवेली में प्रत्यक्ष रुप से कई ऐसी समस्याएं हैं जिनके स्थायी समाधान के लिए प्रधानमंत्री का यह निर्देश बहुत ही कारगर साबित होगा। क्योंकि भौगोलिक विषमता के कारण दादरा नगर हवेली में पेयजल की विषम समक्ष समस्याएं हैं। इसके अलावा सड़कों की उचित व्यवस्था का भी अभाव ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में देखा जाता है। वहीं दूसरी ओर दादरा नगर हवेली में स्वरोजगार योजनाओं को भी प्रधानमंत्री के न्यू इंडिया मुहिम से जोडा जायेगा। दानह जिलाधिकारी गौरव सिंह राजावत अपने सहयोगी अधिकारियों के साथ तेजी से काम पर लग गए हैं। वह सभी विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर नई नीति तय करेंगे। जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प सिद्धी अभियान को सफल बनाया जा सके।